पंजाब केसरी
TUE,04 AUGUST 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5


# 10वीं और जमा-2 के 376 छात्रों को विशेष अवसर

## ■ 10 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

### घर के पास ही मिलेंगे परीक्षा केंद्र, नहीं होगी असुविधा

**अभ्यर्थियों** को परीक्षा देने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी या लंबी दूरी तय न करनी पड़े, इसके लिए शिक्षा बोर्ड ने विशेष व्यवस्था की है। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने के बाद अभ्यर्थियों के पते और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनके निकटतम परीक्षा केंद्र ही आबंटित किए जाएंगे, ताकि परीक्षार्थी तनावमुक्त माहौल में परीक्षा में शामिल हो सकें।

धर्मशाला, 3 अगस्त (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं के 222 और 12वीं के 154 यानी कुल 376 पात्र विद्यार्थियों को विशेष अवसर परीक्षा का मौका दिया है। इसके लिए छात्र संबंधित स्कूलों के माध्यम से 6 अगस्त तक बिना विलंब शुल्क और 10 अगस्त तक लेट फीस के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च-2026 में आयोजित की गई मैट्रिक और जमा दो की वार्षिक परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्निरीक्षण के परिणाम घोषित होने के बाद इन 376 विद्यार्थियों को पात्र पाया गया है। इन सभी अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक वर्ष और परिणाम को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह विशेष अवसर प्रदान किया गया है, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सोमवार, 3 अगस्त से आधिकारिक रूप से शुरू कर दी गई है।

बोर्ड अध्यक्ष ने समय-सारणी की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पात्र परीक्षार्थी 3 अगस्त से 6 अगस्त 2026 तक बिना किसी विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन जमा करवा सकते हैं। इसके बाद जो अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन नहीं कर पाएंगे, वे 1000 रुपए के विलंब शुल्क के साथ 10 अगस्त तक अपना आवेदन जमा कर सकेंगे।

आवेदन की पूरी प्रक्रिया संबंधित शिक्षण संस्थानों और विद्यालयों के माध्यम से ही पूरी की जाएगी। डॉ. शर्मा ने सभी पात्र परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश भर के सभी उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं संस्थाध्यक्षों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने स्कूलों के पात्र विद्यार्थियों का आवेदन समय पर सुनिश्चित करवाएं, ताकि कोई भी योग्य छात्र इस सुनहरे अवसर से वंचित न रह जाए। उन्होंने दोहराया कि शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों के भविष्य और शैक्षणिक हितों को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

# विशेष अवसर परीक्षा को आवेदन शुरू

## मैट्रिक के 222 और जमा दो के 154 अभ्यर्थियों को मिलेगा लाभ



**नगर संवाददाता– धर्मशाला**

- पुनर्मूल्यांकन, पुनर्निरीक्षण के बाद पात्र पाए जाने पर बोर्ड ने दी बड़ी राहत
- छह अगस्त तक बिना विलंब शुल्क कर पाएंगे अप्लाई, घर के नजदीक होगा परीक्षा केंद्र

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च-2026 की वार्षिक परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के बाद पात्र पाए गए छात्र-छात्राओं को एक बड़ी राहत दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि ऐसे 376 विद्यार्थियों के लिए विशेष अवसर परीक्षा के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी गई है। परीक्षार्थियों के लिए सबसे अच्छी खबर यह है कि बोर्ड उनकी सुविधा का पूरा ध्यान रखते हुए उन्हें उनके घर के सबसे नजदीकी परीक्षा केंद्र आबंटित करेगा, ताकि उन्हें परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन के बाद दसवीं (मैट्रिक) कक्षा के 222 और 12वीं (जमा दो) कक्षा के 154 विद्यार्थी इस विशेष परीक्षा के लिए पात्र पाए गए हैं। ये सभी परीक्षार्थी अपने संबंधित स्कूलों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

निर्धारित समयसारिणी के अनुसार, छात्र बिना किसी विलंब शुल्क के छह अगस्त तक अपना फॉर्म भर सकेंगे। वहीं, जो छात्र किसी कारणवश इस अवधि में चूक जाते हैं, उनके पास एक हजार रुपए की लेट फीस के साथ 10 अगस्त तक आवेदन करने का अंतिम मौका रहेगा। परीक्षा केंद्रों के आबंटन को लेकर डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि बोर्ड के पास आवेदन पहुंचने के बाद छात्रों की सहूलियत का आकलन किया जाएगा और यथासंभव सबसे निकटतम सेंटर ही आबंटित किए जाएंगे। इसके साथ ही, बोर्ड अध्यक्ष ने सभी पात्र विद्यार्थियों और स्कूल प्रधानाचार्यों से विशेष अपील की है कि वे तय समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया को हर हाल में पूरा कर लें, जिससे कोई भी इस अवसर से वंचित न रहे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों और भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें न्यायसंगत मौके उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# 10वीं-12वीं के 376 छात्रों को राहत, घर के पास मिलेगा परीक्षा केंद्र

## ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू, बिना लेट फीस 6 अगस्त तक फॉर्म भर सकेंगे परीक्षार्थी : डॉ शर्मा

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह

धर्मशाला,3 अगस्त : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च-2026 की वार्षिक परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के बाद पात्र पाए गए छात्र-छात्राओं को एक बड़ी राहत दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि ऐसे 376 विद्यार्थियों के लिए 'विशेष अवसर परीक्षा' के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आज, 3 अगस्त 2026 से शुरू कर दी है। परीक्षार्थियों के लिए सबसे अच्छी खबर यह है कि बोर्ड उनकी सुविधा का पूरा ध्यान रखते हुए उन्हें उनके घर के सबसे नजदीकी परीक्षा केंद्र आवंटित करेगा, ताकि उन्हें परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पुनर्मूल्यांकन के बाद 10वीं (मैट्रिक) कक्षा के 222 और 12वीं (जमा दो) कक्षा के 154 विद्यार्थी इस विशेष परीक्षा के लिए पात्र पाए गए हैं। ये सभी परीक्षार्थी अपने संबंधित स्कूलों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित समय-सारणी के अनुसार, छात्र बिना किसी विलंब शुल्क के 6 अगस्त 2026 तक अपना फॉर्म भर सकेंगे। वहीं, जो छात्र किसी कारणवश इस अवधि में चूक जाते हैं, उनके पास 1000 रुपये की लेट फीस के साथ 10 अगस्त 2026 तक आवेदन करने का अंतिम मौका रहेगा। परीक्षा केंद्रों के आवंटन को लेकर डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि बोर्ड के पास आवेदन पहुंचने के बाद छात्रों की सहूलियत का आकलन किया जाएगा और यथासंभव सबसे निकटतम सेंटर ही आवंटित किए जाएंगे। इसके साथ ही, बोर्ड अध्यक्ष ने सभी पात्र विद्यार्थियों और स्कूलों के प्रधानाचार्यों से विशेष अपील की है कि वे तय समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया को हर हाल में पूरा कर लें, जिससे कोई भी इस अवसर से वंचित न रहे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों और भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें न्यायसंगत मौके उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

Amar Ujala Dt. 04-08-2026

# दसवीं और 12वीं की विशेष अवसर की परीक्षा के लिए छह तक आवेदन

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च-2026 की मैट्रिक और जमा दो (12वीं) की वार्षिक परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण में पात्र पाए गए अभ्यर्थियों के लिए विशेष अवसर परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। पात्र अभ्यर्थी बिना किसी विलंब शुल्क के 6 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। वहीं, 1,000 रुपये के विलंब शुल्क के साथ 10 अगस्त तक आवेदन का विकल्प रहेगा।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इस विशेष अवसर के तहत मैट्रिक के 222 और जमा दो के 154 पात्र अभ्यर्थी अपने संबंधित विद्यालयों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभ्यर्थियों

**एक हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ 10 अगस्त तक का मौका**

की सुविधा के लिए यथासंभव नजदीकी परीक्षा केंद्र ही आवंटित किए जाएंगे, ताकि उन्हें परीक्षा देने में कोई असुविधा न हो।

उन्होंने सभी पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने और विद्यालयों के संपर्क में रहने का आग्रह किया है। साथ ही, स्कूल प्रधानाचार्यों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे पात्र छात्रों के आवेदन समय पर सुनिश्चित कराएं। उन्होंने दोहराया कि बोर्ड विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए न्यायसंगत और समयबद्ध अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्यूरो

# विशेष अवसर परीक्षा के लिए आवेदन शुरू, अभ्यर्थियों की सुविधा अनुसार आवंटित होंगे परीक्षा केंद्र

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च-2026 की मैट्रिक एवं जमा दो वार्षिक परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण के उपरांत मैट्रिक के 222 तथा जमा दो के 154 पात्र अभ्यर्थियों को प्रदान किए गए विशेष अवसर के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयसारिणी के अनुसार संबंधित विद्यालयों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क के आवेदन 6 अगस्त तक तथा 1000 रुपये विलंब शुल्क सहित आवेदन 10 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पात्र अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र आवेदन प्राप्त होने के उपरांत उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए यथासंभव निकटतम परीक्षा केंद्रों पर आवंटित किए जाएंगे ताकि उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने तथा संबंधित विद्यालयों से संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं संस्थाध्यक्षों से भी अनुरोध किया कि वे सभी पात्र विद्यार्थियों के आवेदन समय पर सुनिश्चित करें ताकि कोई भी अभ्यर्थी इस विशेष अवसर से वंचित न रहे। डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें न्यायसंगत एवं समयबद्ध अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

Himachal Dastak: 04-08-2026

DAINIK JAGRAN:04-08-2026

# 10वीं व 12वीं के 376 विद्यार्थियों को राहत, घर के पास मिलेगा परीक्षा केंद्र

**222** विद्यार्थी दसवीं और 154 जमा दो कक्षा की विशेष परीक्षा के लिए पाए गए पात्र

**10** अगस्त तक आनलाइन आवेदन करने पर लगेगा एक हजार रुपये शुल्क

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च-2026 की वार्षिक परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण के बाद पात्र विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि 376 विद्यार्थियों के लिए विशेष अवसर परीक्षा के तहत आनलाइन आवेदन प्रक्रिया तीन अगस्त से आरंभ कर दी है। बोर्ड विद्यार्थियों को घर से नजदीक परीक्षा केंद्र आवंटित करेगा ताकि उन्हें परीक्षा देने में दिक्कत न हो।

डा. राजेश शर्मा ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन के बाद दसवीं कक्षा के 222 व जमा दो कक्षा के 154 विद्यार्थी विशेष परीक्षा के लिए पात्र पाए गए हैं। विद्यार्थी अपने स्कूल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छह अगस्त तक शुल्क नहीं लगेगा। 10 अगस्त तक 1000 रुपये शुल्क के साथ आवेदन करने का अंतिम मौका होगा। बोर्ड के पास आवेदन पहुंचने के बाद विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सबसे निकट परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने विद्यार्थियों व प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे तय समय के भीतर आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर लें ताकि कोई भी विद्यार्थी इस अवसर से वंचित न रहे।

AUGUST 4, 2026 TUESDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# HPBOSE THROWS A LIFELINE: SPECIAL CHANCE EXAMS OPEN FOR 376 STUDENTS

*Sunny Mahajan | Dharamshala*

After a nail-biting wait for re-evaluation results, 376 students in Himachal Pradesh have just been handed a golden ticket to save their academic year. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially launched the online application window for a Special Chance Examination, kicking off on August 3, 2026. This rare second act is exclusively reserved for 222 10th-grade and 154 12th-grade students who qualified following the rigorous re-checking of their March 2026 annual board exams.

The clock is already ticking for these eligible candidates. HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that students must rapidly apply online through their respective schools before the standard deadline wraps up on August 6, 2026. Those who drag their feet will be hit with a ₹1,000 late fee to secure their spot by the final, hard cutoff on August 10, 2026.

In a massive relief for the examinees, the board is prioritizing student comfort over bureaucratic convenience. Rather than forcing candidates to travel grueling distances, HPBOSE will dynamically assign exam centers as close to the students as physically possible based on the incoming applications.

Leaving nothing to chance, Dr. Sharma issued a direct mandate to school principals and administrators across the state. He urged educators to take charge and guarantee that every single eligible student submits their application on time, ensuring nobody misses out on this critical opportunity.

Reaffirming the board's student-first philosophy, he emphasized that HPBOSE remains aggressively committed to delivering fair, timely, and accessible avenues to protect the educational futures of its youth.

